15 अगस्त से चलेगी मेमू

की जा रही इलेक्ट्रिक इंजन की व्यवस्था

अमर उजाला ब्यूरो

गोंडा। सब ठीक रहा तो 15 अगस्त से लखनऊ से गोंडा के बीच मेमू का संचालन शुरू हो जाएगा। इसके लिए इलेक्ट्रिक इंजन की व्यवस्था की जा रही है। इस इलेक्ट्रिक इंजन से मेमू का संचालन होगा। इससे देवीपाटनमंडल के लोगों का राजधानी का सफर काफी आसान हो जाएगा। बता दें कि हाल ही में मेमू को लेकर ट्रायल किया गया था, जो कि सफल रहा था।

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी आलोक कुमार सिंह ने शुक्रवार को बताया कि गोंडा-लखनऊ के बीच मेमू के संचालन की कवायद तेज कर दी गई है। इसके लिए इलेक्ट्रिक इंजन की व्यवस्था की जा रही है। इलेक्ट्रिक इंजन की व्यवस्था होने के बाद इसे मेमू से लिंक कर दिया जाएगा। जिसके बाद गोंडा से लखनऊ तक मेमू का संचालन होगा। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार 15 अगस्त से मेमू का संचालन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इस रूट पर इलेक्ट्रिक मालगाड़ी का संचालन शुरू कर दिया गया है।

रेलमंत्री से किया अनुरोध

भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह व बृजभूषण शरण सिंह ने बताया कि मेमू का संचालन शीघ्र शुरू करने के लिए रेलमंत्री से मिलकर अनुरोध किया गया है। बृजभूषण शरण सिंह ने बताया कि गोंडा में ही मेमू का उद्घाटन होगा।

वैशाली सुपरफास्ट ट्रेन का जरवलरोड में ठहराव

सांसद बृजभूषण शरण सिंह के अनुरोध पर रेलमंत्री डीबी सदानंद गौड़ा ने बरौनी से नई दिल्ली तक चलने वाली वैशाली सुपरफास्ट ट्रेन का ठहराव जरवलरोड स्टेशन पर करने को हरी झंडी दे दी है। वैशाली अप व डाउन में जरवल रेलवे स्टेशन पर दो मिनट के लिए रुकेगी।

शुक्रवार सुबह लखनऊ से इलेक्ट्रिक मालगाड़ी गोंडा पहुंची।